भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
(राजभाषा प्रकोष्ठ)

सं.हि. प्र./हि.दि. – 20/ भा. प्रौ. सं. का./2020 /42
दिनांकः 7 सितम्बर 2020

हिन्दी पखवाड़ा – 2020 (दिनांक 14-24 सितम्बर)

परिपत्र

सादर अवगत कराया जाता है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारत सरकार के आदेशानुसार सरकारी काम-काज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं उसमें निरन्तर गति लाने हेतु सितम्बर माह में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार इस बार हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन ऑन-लाइन माध्यम से सम्पन्न होगा।

हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए समय-सारणी

क्र.सं.	दिनांक	समय	प्रतियोगिता का नाम
1	14.9.2020	3-3:40 (अपराह्न)	हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता
2	15.9.2020	3-3:30 (अपराह्न)	वर्तनीशोधन प्रति.(केवल अहिन्दी भाषी कर्मचारियों के लिए)
3	16.9.2020	3-3:40 (अपराह्न)	कहानी लेखन (चित्र देखकर) प्रतियोगिता
4	17.9.2020	3-3:40 (अपराह्न)	हिन्दी पत्र लेखन प्रतियोगिता
5	18.9.2020	3-3:40 (अपराह्न)	अनुवाद प्रतियोगिता
6	21.9.2020	3-3:25 (अपराह्न)	सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

ऑनलाइन प्रतियोगिताओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ

(1) प्रतिभागी, प्रतियोगिता के लिए दिये गये दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ कर ही इसे प्रारम्भ करें।

(2) प्रतिभागी को केवल एक बार ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा जो हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाली समस्त प्रतियोगिताओं के लिए मान्य होगा।

(3) समस्त प्रतियोगिताओं को निर्धारित समय के अंदर ही पूरा करके इसे ऑन-लाइन भेजना होगा। निर्धारित समय के पश्चात इस संबंध में किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

(4) समस्त प्रतियोगिताओं के उत्तर प्रतियोगिता के लिए उपलब्ध प्रारूप एवं दिश- निर्देशों के अनुरूप ही स्वीकार किए जाएंगे।

तदनुसार, संस्थान के समस्त तकनीकी तथा गैर-तकनीकी कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे उल्लिखित प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दें जिससे हिन्दी पखवाड़े को सफल बनाया जा सके।

नोटः प्रतियोगिताओं से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए 7122 या फिर jagdish@iitk.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद सहित,

डॉ. वेदप्रकाश सिंह
संयुक्त कुलसचिव एवं
संपर्क अधिकारी (हिन्दी)

प्रतिलिपिः
1.निदेशालय, भा.प्रौ.सं. कानपुर
2.कुलसचिव कार्यालय, भा.प्रौ.सं. कानपुर
3.समस्त कर्मचारी वर्ग, भा.प्रौ.सं. कानपुर